दिनांक 21 मार्च 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक अन्तरमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यर्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधन विभागध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल एवं उनके सहयोगी प्रवक्ताओं के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग आठ टीमों ने भाग लिया जो कि फरीदाबाद के विभिन्न महाविद्यालयों से सम्बंधित थी- माँ ओमवती महाविद्यालय, हसनपुर, गोवेर्मेंट कॉलेज, तिगांव, डी० ए० वी० कॉलेज, फरीदाबाद इत्यादि।

इस प्रतियोगिता में छः चरण हुए। प्रथम चरण में समसामयिक विषयों पर, दूसरे चरण में मनोरंजन, तीसरे चरण में सामयिक ज्ञान, चौथे चरण में तकनीकी, पांचवे चरण में खेलकूद एवं छठे चरण में विडियो दिखाकर प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों को सात टीमो में विभाजित किया गया। उसमें से द्वितीय चरण में छः तथा अंतिम चरण में दो टीमों में से डी० ए० वी० कॉलेज की टीम प्रथम स्थान पर रही और द्वितीय स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय संभाग तृतीय के विद्यार्थी रहे। प्रथम स्थान पर विजेता विद्यार्थी नेत्रपाल, मयंक और मोक्ष रहे और द्वितीय स्थान पर पूर्णिमा, प्रदीप और आँचल रहे।

निर्णायक की भूमिका में डॉ० ऊषा चौधरी और डॉ० रेनू माहेश्वरी रहे। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों के प्रयास की सराहना की।